TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

21 सितम्बर 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

शिक्षक को हमेशा सीखते रहना चाहिए क्योंकि एक दीपक तभी दूसरे दीपक को जला सकता है जब वह स्वयं जल रहा हो।



रवीन्द्रनाथ टैगोर

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **21.09.2026**

## चर्चा शिक्षण विधि

चर्चा शिक्षण विधि एक ऐसी बाल-केंद्रित एवं सक्रिय शिक्षण विधि है, जिसमें शिक्षक किसी विषय, प्रश्न, समस्या या घटना को विद्यार्थियों के सामने रखता है और विद्यार्थी अपने विचार, अनुभव तथा तर्क प्रस्तुत करते हुए आपस में विचार-विमर्श करते हैं। शिक्षक पूरी चर्चा का मार्गदर्शन और संचालन करता है।जिस शिक्षण विधि में शिक्षक एवं विद्यार्थी किसी विषय, समस्या या प्रश्न पर विचार-विमर्श, प्रश्नोत्तर एवं तर्क के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करते हैं, उसे चर्चा शिक्षण विधि कहते हैं।”

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



2006 बैच की जांबाज **आईपीएस** अफसर संजुक्ता पराशर CRPF की **स्पेशल कोबरा (CoBRA)** यूनिट की नई **आईजी** बनी हैं। इस पद को संभालने वाली वह पहली **महिला अधिकारी** बन गई हैं।

# विज्ञान प्रतियोगिता

ज्ञान से ही बनता है भविष्य!

**सोचो, समझो और सही उत्तर चुनो!**

**प्रश्नः**


**हार्मोन कहाँ से स्रावित होता है?**

**A.** अंतःस्रावी ग्रंथि से

**B.** लीवर से

**C.** मस्तिष्क से

**D.** आंत से




हर दिन कुछ नया सीखें, विज्ञान को समझें,
और देश का नाम रोशन करें!

Anupriya

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The change makers

# दिवस विशेष

21 सितंबर

मधु प्रिया

## विश्व शांति दिवस 21 सितंबर




"विश्व शांति" का अर्थ केवल हिंसा न होना नहीं है, बल्कि ऐसे समाजों का निर्माण है,जहां सभी को यह अहसास हो कि वे आगे बढ़ सकते हैं और फल-फूल सकते हैं। हमें एक ऐसी दुनिया का निर्माण करना है, जहां सभी के साथ उनकी जाति, नस्ल, धर्म की परवाह किए बिना समान व्यवहार किया जाए। प्रत्येक वर्ष 21 सितंबर को दुनिया भर के सभी देशों और उनके नागरिकों के बीच में शांति और सद्भाव बनाए रखने के उद्देश्य से "विश्व शांति दिवस" मनाया जाता है। इस दिन की शुरुआत 1982 से में हुई थी जिसकी थीम "राइट टू पीस ऑफ पीपल" रखी गई थी। साल 1982 से लेकर 2001 तक सितंबर महीने के तीसरे मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस मनाया जाता था। लेकिन साल 2002 से इसके लिए 21 सितंबर की तारीख तय की गई थी। तब से लेकर आज तक हर साल 21 सितंबर को ही विश्व शांति दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का एकमात्र उद्देश्य है कि दुनिया भर में शांति कायम रहे और किसी के बीच में झगड़ा लड़ाई ना हो। इस साल इस दिवस को मनाए जाने की थीम है "शांति के लिए कार्य #वैश्विक लक्ष्यों के लिए हमारी महत्वाकांक्षा"। ये शांति के एक महान विषयों को प्रसारित करता है।

/teachersofbihar

# Teachers of Bihar

*The change makers*

सितंबर 21

# 21 सितंबर

## 21 सितंबर की महत्वपूर्ण घटनाएँ

- **1784** अमेरिका का पहली बार दैनिक अखबार (पेनसिलवेनिया पैकेट एंड जनरल एडवरटाइजर) छपा।
- **1790** पालघाट ने जनरल मेडोवे के नेतृत्व में ब्रिटिश टुकड़ी के समक्ष 60 बंदूकों के साथ आत्मसमर्पण किया।
- **1815** किंग विलियम प्रथम ने ब्रुसेल्स में शपथ ली।
- **1857** बहादुर शाह द्वितीय ने अंग्रेजों के समक्ष आत्मसमर्पण किया।
- **1885** नीदरलैंड के लोगों ने चुनावों में मतदान के अधिकार के लिये प्रदर्शन किया।
- **1905** 'अटलांटा लाइफ इंश्योरेंस' कंपनी गठित हुई।
- **1928** 'माय विकली रिवर' मैग्जीन की शुरुआत।
- **1938** चक्रवाती तूफान(183 मील प्रति घंटे की रफ्तार) से न्यु इंग्लैंड में 700 लोगों की मौत।
- **1942** नाजियों ने यूक्रेन, डुनेवटसी में 2588 यहूदियों की हत्या की।
- **1942** बोइंग बी-29 सुपरफोटेस ने अपनी पहली उड़ान भरी।
- **1964** माल्टा ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता हासिल की।
- **1966** मिहीर सेन ने बासफोरस चैनल तैरकर पार किया।
- **1979** मध्य अफ़्रीकी गणराज्य के तथाकथित सम्राट बोकासा सैनिक क्रांति में अपदस्थ।
- **1984** ब्रुनेई संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ।
- **1998** अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और मोनिका लेविंस्की के प्रेम प्रकरण से संबंधित वीडियो टेप जारी।
- **1991** अर्मेनियां को सोवियत संघ से स्वतंत्रता मिली।
- **2000** भारत एवं ब्रिटेन के बीच बेहतर संबंध के लिए 'लिबरल डेमोक्रेटिक फ्रेंड्स आफ़ इंडिया सोसायटी' की स्थापना।
- **2001** अफ़ग़ानिस्तान में सत्तारूढ़ तालिबान शासन और और नार्दन एलायंस में लड़ाई शुरू।
- **2003** संवैधानिक संशोधनों के नये मसौदे को भी पाकिस्तान के विपक्ष ने नामंजूर किया।
- **2004** अमेरिका ने लीबिया से आर्थिक प्रतिबंध हटाया।
- **2005** जुनोचिरो कोईजुमी को दुवारा जापान का प्रधानमंत्री चुना गया।
- **2007** तंजानियाई बैज्ञानिकों ने दुर्लभ प्रजाति की मछली की खोज करने का दावा किया।
- **2008** रिलायंस के कृष्णा गोदावरी बेसिन में तेल उत्पाद शुरू हुआ।
- **2009** भाजपा आला कमान ने महाराष्ट्र व हरियाणा विधानसभा के लिए उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की।

## 21 सितंबर को जन्मे व्यक्ति

- **1991** दीपिका पल्लीकल - भारतीय महिला स्क्वैश खिलाड़ी हैं।
- **1977** करीना कपूर - बॉलीवुड अभिनेत्री।
- **1968** महेंद्र मुंजापारा - भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिज्ञ हैं।
- **1954** शिंजो अबे - दिसंबर 2012 में जापान के प्रधानमंत्री।
- **1939** स्वामी अग्निवेश - भारत के सामाजिक कार्यकर्ता, सुधारक, राजनेता व आर्य समाजी थे।
- **1929** जीतेंद्र अभिषेकी - भारतीय शास्त्रीय संगीत के विद्वान थे।
- **1926** नूरजहां - प्रसिद्ध अभिनेत्री और गायिका, जिन्होंने भारतीय और पाकिस्तानी सिनेमा में कार्य किया।
- **1914** भोला पासवान शास्त्री - भारतीय राजनीतिज्ञ और बिहार के आठवें मुख्यमंत्री थे। वह तीन बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे।
- **1905** उच्छंगराय नवलशंकर ढेवर - भारतीय स्वतंत्रता के सेनानी थे, जो 1948 से 1954 तक सौराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री रहे।
- **1895** अन्नपूर्णानन्द - हिन्दी में शिष्ट हास्य लिखने वाले कलाकारों में अग्रणी लेखक।
- अज़रा - हिन्दी सिनेमा की जानी मानी अभिनेत्री हैं।

## 21 सितंबर को हुए निधन

- **2022** राजू श्रीवास्तव - भारत के प्रसिद्ध हास्य कलाकार व अभिनेता थे।
- **2021** रामानुज प्रसाद सिंह - आकाशवाणी के प्रसिद्ध समाचार वक्ता थे।
- **1985** अमरनाथ विद्यालंकार - भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता तथा सांसद थे।
- **1743** सवाई जयसिंह - आमेर का वीर और बहुत ही कूटनीतिज्ञ राजा था।

## 21 सितंबर के महत्वपूर्ण अवसर एवं उत्सव

- अंतर्राष्ट्रीय शान्ति दिवस
- विश्व अल्जाईमर दिवस
- विश्व आभार दिवस


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
“समाज में परिवर्तन के लिए जागरूकता और सेवा ही सच्चा धर्म है।”
– स्वामी अग्निवेश
भारत के महान समाजसेवी
स्वामी अग्निवेश
जयन्ती
21 सितम्बर 1939 – 11 सितम्बर 2020
की जयंती पर
कोटि-कोटि नमन
स्वामी अग्निवेश
भारत के एक सामाजिक कार्यकर्ता, सुधारक, राजनेता व आर्य समाजी थे।
“समानता, न्याय और सेवा ही सच्चे समाज की पहचान है।”
– स्वामी अग्निवेश
मुख्य योगदान
दलितों, वंचितों और श्रमिकों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष।
सामाजिक कुरीतियों और भेदभाव के खिलाफ मजबूत आवाज उठाई।
शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के लिए सतत प्रयास किए
आर्य समाज के सिद्धांतों से प्रेरित होकर समाज सुधार का कार्य किया।
राजनीति में भी सेवा, ईमानदारी और जनकल्याण की भावना को आगे बढ़ाया।
ॐ
|| उनकी जयंती पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि
राकेश कुमार
www.teachersofbihar.org

# TOB खेल कॉर्नर

## मैंस क्रिकेट में सबसे ज्यादा टी-20 इंटरनेशनल विकेट



| रैंक | खिलाड़ी | विकेट |
|---|---|---|
| 1 | राशिद खान | 196 |
| 2 | आदिल राशिद | 170 |
| 3 | ईश सोढ़ी | 165 |
| 4 | टिम साउदी | 164 |
| 5 | वानिंदु हसरंगा | 162 |

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

शिक्षित बनें
सशक्त बनें
समर्थ बनें !

# आज का TOB क्वीज़...

★ जानें, सोचें, सीखें और आगे बढ़ें ★




## बिहार का कितना क्षेत्रफल है ?

**A** 77,163 वर्ग किमी

**B** 81,163 वर्ग किमी

**C** 94,163 वर्ग किमी

**D** 1,41,163 वर्ग किमी





" बिहार की समृद्धि
हम सबकी जिम्मेदारी है,
आइए, इसे और बेहतर बनाएं !"
– संजय कुमार

## ज्ञान ही सच्ची शक्ति है !



" यादें केवल यादें नहीं, जीवन की पहचान हैं..."
21 सितंबर
विश्व अल्जाइमर दिवस
जागरूकता | समझ | सहयोग
अल्जाइमर एक बीमारी नहीं, एक चुनौती है, जिसे मिलकर समझा और संभाला जा सकता है।
अल्जाइमर से बचाव के लिए
मानसिक रूप से सक्रिय रहें (पढ़ें, लिखें, नई चीजें सीखें)
सामाजिक रूप से जुड़े रहें (परिवार और मित्रों के साथ समय बिताएं)
नियमित शारीरिक व्यायाम करें
मस्तिष्क को चुनौती दें (पहेली, खेल, नई गतिविधियां)
हृदय को स्वस्थ रखें (संतुलित आहार, तनाव कम)
पर्याप्त नींद लें (मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक)
आइए, हम सब मिलकर अल्जाइमर के प्रति जागरूकता बढ़ाएं और मरीजों व उनके परिवारों का साथ दें!
Madhu Priya
जागरूक रहें ♥ स्वस्थ रहें
www.teachersofbihar.org



शांति • सहअस्तित्व • सद्भाव
अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस
International Day of Peace
21 सितंबर
" शांति केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि न्याय, समानता, और मानव गरिमा की उपस्थिति है "
— संयुक्त राष्ट्र
हिंसा से मुक्त समाज
आपसी सम्मान और सहयोग
सभी के लिए समान अवसर और अधिकार
स्थायी शांति और समृद्ध भविष्य
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu Priya
आइए, मिलकर एक शांतिपूर्ण, सुरक्षित और समावेशी दुनिया का निर्माण करें।
शांति आज से • बेहतर कल के लिए
www.teachersofbihar.org


“कृतज्ञता
से जीवन में सकारात्मकता
और खुशी आती है।”
21 सितंबर
विश्व
आभार दिवस
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Thank you
आभार की भावना हमें
सकारात्मक सोच, अच्छे संबंध
और बेहतर समाज की ओर ले जाती है।
आज हम आभार व्यक्त करें...
अपने परिवार के लिए
अपने मित्रों के लिए
अपने शिक्षकों के लिए
अपने स्वास्थ्य के लिए
प्रकृति की देनेवाली सौगातों के लिए
और हर उस व्यक्ति के लिए, जो हमारे जीवन में खुशियाँ लाता है।
आभार व्यक्त करें...
क्योंकि जीवन में
हर चीज़ एक वरदान है।
आभार ही है
सुख का आधार
Madhu Priya
www .teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



प्राथमिक विद्यालय महेशभत्ता दलित टोला
बायसी, पूर्णिया

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar




**पर्दा कन्या मध्य विद्यालय**
**आरा नगर, भोजपुर**

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



**उच्च माध्यमिक विद्यालय**
**बसंतपुर, सुपौल**

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



**मध्य विद्यालय दीननगर पुरैनी**
**जगदीशपुर, भागलपुर**

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR